प्रादेिक समाचार
दिनांक–19.03.2024 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए पर रोक लगाने से किया इनकार, केंद्र सरकार को तीन सप्ताह के अंदर दाखिल करना होगा जवाब।
2. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कोल्हान प्रमंडल में चुनाव की तैयारियों को लेकर चाईबासा में की समीक्षा बैठक, खरसावां के कई बूथों का किया निरीक्षण।
3. झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुई सीता सोरेन, जामा के विधायक पद से भी दिया इस्तीफा, कहा–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड की सभी चौदह सीटें जीतेगी भाजपा।
4. वंदना दादेल बनीं झारखंड की नई गृह सचिव, भारत निर्वाचन आयोग की सहमति के बाद कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसूचना।

और

5. राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में हुई जोरदार बारि, मौसम विभाग ने 21 मार्च तक तेज हवाओं के साथ बारि को लेकर जारी किया ऑरेंज और येलो अलर्ट।

*******************

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए को लागू करने पर रोक लगाने से मना कर दिया है। न्यायालय ने पिछले सप्ताह लागू हुए इस कानून को चुनौती देने वाली 237 याचिकाओं के जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को तीन सप्ताह का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चन्द्रचूड, न्यायाधीश जे. बी. पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा ने मामले की सुनवाई की। इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग, कांग्रेस के जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा सहित कई लोगों ने इस मामले में याचिकाएं दायर की हैं। मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज चाईबासा में कोल्हान प्रमंडल के स्तर पर लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां के ज़िला निर्वाचन पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। श्रीकुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**साउंड बाइट के रविकुमार––10 सेकेंड**

इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक–अभियान सह नोडल पदाधिकारी–पुलिस अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सीमावर्ती ज़िलों में चेकनाका बनाया जा रहा है और हर प्रकार की गतिविधियों पर सुरक्षाबल निगाह रख रहे हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल उपलब्ध कराये जायेंगे। वहीं दूसरी ओर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने आज खरसावां के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रों पर शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित अन्य निर्देश दिया।

*******************

लोकसभा चुनाव से पहले शिबू सोरेन की बड़ी बहू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गई हैं। उन्होंने जामा विधायक के पद से भी इस्तीफा देते हुए अपना पत्र विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को भेज दिया है। भाजपा में शामिल होने के बाद सीता सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि श्रीमोदी की सोच से प्रभावित होकर वह भाजपा में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि उनके ससुर शिबू सोरेन और स्वर्गीय पति दुर्गा सोरेन ने झारखंड को अलग राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया था। उनके पति का सपना था कि झारखंड का विकास हो, लेकिन आज उनका सपना चकनाचूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने पति के सपने को पूरा करना है। सीता सोरेन ने दावा किया कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी। नई दिल्ली में भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के पार्टी प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने सीता सोरेन को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने का स्वागत किया है। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन के चुनाव लड़ने के संबंध में केंद्रीय चुनाव समिति निर्णय लेगी।

******************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो –एसीबी ने अनगड़ा के राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू और प्राइवेट अमीन प्रभु पाहन को दस हजार रुपये रिश्वत लेते आज गिरफ्तार किया है। दोनों ने एक व्यक्ति की जमीन के कागजात को लेकर पैसे की मांग की थी।

******************

हानिकारक रसायन से बने रंग और गुलाल से लोगों को बचाने के लिए रांची के एक युवा उद्यमी ने फल और खाद्य सामग्री से ऑर्गेनिक गुलाल बनाने का काम शुरू किया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट–कर्मवीर, रांची–47 सेकेंड**

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

झारखंड की नई गृह सचिव वंदना दादेल बनाई गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग की सहमति के बाद कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने आज इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वंदना दादेल वन एवं पर्यावरण विभाग सचिव के साथ मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग के भी प्रधान सचिव के प्रभार में हैं। बता दें कि चुनाव आयोग ने झारखंड सहित छह राज्यों के गृह सचिव को कल पद से हटा दिया था। इसके बाद कार्मिक विभाग झारखंड ने गृह सचिव के पद के लिए वंदना दादेल, मनीष रंजन और अबू बकर सिद्दीकी का नाम आयोग को भेजा था। इनमें से वंदना दादेल के नाम को स्वीकृति मिली है।

******************

लोहरदगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित हुई। इसमें बैंक प्रबंधकों को आदर्श आचार संहिता लागू की स्थिति में नकद की निर्धारित सीमा, नकद से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने, सी–विजिल पर डाटा इंट्री की जानकारी दी गई।

******************

लोकसभा चुनाव के दौरान रामगढ़ जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में आज समाहरणालय में विभिन्न महाविद्यालयों के स्वीप नोडल पदाधिकारियों और स्वीप के तहत बनाए गए कॉलेज कैंपस ब्रांड एंबेसडरों के साथ बैठक की गई।

******************

जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के डुमरिया और बिराजपुर गांव से पुलिस ने सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 18 मोबाइल सेट, 23 सिम कार्ड, तीन एटीएम, एक पैन कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया है। सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। जामताड़ा साइबर थाना के

निरीक्षक अब्दुल रहमान ने बताया कि जिले में लगातार साइबर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

******************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज भी गरज के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने इक्कीस मार्च तक वज्रपात और ओलावृष्टि के साथ बारिश को लेकर राज्य के पश्चिमी और मध्य भाग के लिए ऑरेंज अलर्ट जबकि पूर्वी भाग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान राज्य में तेज हवाएं भी चलेंगी।

******************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर कॉलोनी निवासी चार युवकों के चांडिल एनएच– 33 पर कल सड़क दुर्घटना में मौत के बाद आज सभी शवो का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। इस बीच चारों शवो के कॉलोनी में पहुंचने पर मातमी सन्नाटा पसर गया।

******************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- गुमला जिला मुख्यालय स्थित कचहरी के पास आज बिजली तार की चपेट में आने से एक युवक की झुलस कर मौत हो गई।
- गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे आज गोड्डा में एक कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए।
- जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र में चोरों ने एक पूजा सामग्री की दुकान से नकदी की चोरी की और दूसरी दुकान को निशाना बनाया।
- चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के सलैया गांव में आज ग्रामीण आदित्य यादव की जमीन पर कुएं की खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध की प्रतिमा मिली है।
- सरायकेला–खरसावां जिला व्यवहार न्यायालय के एडीजे–टू कंकन पट्टादार की अदालत ने यौन शोषण तथा आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में दोषी पाते हुए शैकत कुईला को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

*******समाप्त******